सचिका स0—10/पद सृजन—19—05/2025— 627 (10)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

लोकेश कुमार सिंह,
सचिव

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

द्वारा:— आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।

पटना, दिनांक—04/05/2026

विषय:—राज्य में कैंसर की रोकथाम, चिकित्सा एवं समुचित प्रबंधन हेतु बिहार कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाइटी के कार्यालय संचालन हेतु आवश्यक विभिन्न 06 (छ:) संविदागत पदों के सृजन की स्वीकृति।

मंत्रिपरिषद् की दिनांक—16.05.2025 की बैठक में स्वीकृत मद सं0—31 के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय संकल्प संख्या 687(12), दिनांक—23.05.2025 द्वारा राज्य में कैंसर की रोकथाम, चिकित्सा एवं समुचित प्रबंधन हेतु बिहार कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाइटी के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही सोसाइटी के गठन के लिए सरकार द्वारा मेमोरेण्डम ऑफ एसोसिएशन एवं रूल्स एंड रेगुलेशन्स ऑफ बिहार कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाइटी भी अनुमोदित है।

2— उक्त परिप्रेक्ष्य में राज्य में कैंसर की रोकथाम, चिकित्सा एवं समुचित प्रबंधन के लिए बिहार कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाइटी के कार्यालय संचालन हेतु आवश्यक विभिन्न 06 (छ:) संविदागत पदों के सृजन की आवश्यकता के आलोक में उक्त पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:—

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	मासिक वेतन/मानदेय	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव	नियोजन हेतु अधिकत्तम उम्र सीमा	नियोजन की प्रक्रिया
1.	Director Operations	1	सभी पदों के मानदेय निर्धारण हेतु विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।	MD/MS in any discipline with 5 years experience in Cancer Care	55 Years	Walk in Interview
2.	Deputy Director Operations	2		MBBS with Min. 3 years experience in Cancer Care	50 Years	Walk in Interview
3.	Director IT	1		B.Tech/B.E. in Computer Science with 10 years experience in handling IT solutions and big data.	45 Years	Walk in Interview
4.	Accounts & Finance officer	1		ICMA/CMA Inter/MBA/M.com with 3 year experience	45 Years	Walk in Interview

5.	IT Manager	1		Bachelor in IT/Computer Science or MCA with minimum 3 year experience in relevant field	40 Years	Walk in Interview
	Total:-	6				

3— उपर्युक्त पदो के अतिरिक्त सोसाइटी के कार्यालय के सुचारू रूप से सचालन हेतु 21 पदों (Account Assistant-02, IT Assistant-01, Executive Assistant-03, Data Entry Operator-03, Multi Tasking Staff-06 & Security Guard-06) पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवा ली जायेगी।

4— रूल्स एंड रेगुलेशन्स ऑफ बिहार कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाइटी की कंडिका—19, शीर्ष—नियुक्ति एवं पदोन्नति के अंतर्गत कर्मियों की नियुक्ति कार्यकारी समिति के अनुमोदन के आलोक मे मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (CEO) द्वारा संविदा के आधार पर किया जाना है। शासी परिषद द्वारा ऐसे कर्मियों की योग्यता, पारिश्रामिक एवं सेवा शर्तों का निर्धारण किया जाएगा ताकि योग्य कर्मियों की भर्ती सुनिश्चित हो सके, जो निजी क्षेत्र की तुलना में कैंसर रोगियों के लिए विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में प्रभावी योगदान दे सके।

5— उक्त के आलोक में माननीय मंत्री, स्वास्थ्य की अध्यक्षता में दिनांक—02.09.2025 को आयोजित बिहार कैंसर केयर एवं रिसर्च सोसाइटी, पटना के शासी परिषद् की प्रथम बैठक के कार्यवाही की कार्यसूची—12 में कंडिका—2 के अनुरूप सभी पदों (संविदागत/आउटसोर्सिंग) के सृजन के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्राप्त है।

6— उक्त सृजित किये जाने वाले कुल 06 (छः) विभिन्न संविदागत पदों के मानदेय का निर्धारण विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति का अनुमोदन प्राप्त कर किया जाएगा।

7— इस पर होने वाले व्यय का वहन मांग संख्या—20 अंतर्गत मुख्य शीर्ष—2210—चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य—05—चिकित्सा शिक्षा—प्रशिक्षण तथा अनुसंधान—105—एलोपैथी—0123—बिहार कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाइटी, विपत्र कोड—20—2210051050123 में उपबंधित राशि से किया जाएगा।

8— प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक—29.04.2026 में मद संख्या—13 के रूप में सम्मिलित एवं स्वीकृत किया गया है।

9— राज्यादेश प्रारूप मे आंतरिक वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की सहमति संचिका सं०—10/पद सृजन—19—05/2025 के पृष्ठ—19/टि० पर प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(लोकेश कुमार सिंह)
सचिव

ज्ञापांकः—10/पद सृजन—19—05/2025- 627(10)/स्वा0, पटना, दिनांक—04/05/2026

प्रतिलिपिः—मुख्यमंत्री सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक—29.04.2026 में मद संख्या—13 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि—सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाईटी, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना/प्रभारी पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—2, 3, 5, 7ए, 7बी, 16 एवं 17 स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—माननीय मुख्य (स्वास्थ्य) मंत्री के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सभी विशेष सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सभी अपर सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी संयुक्त सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव/सभी पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः—आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सचिव

04/5/2026